<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12.07.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u> .

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– विकसित भारत निर्माण के लिए युवाओं को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है रोज़गार मेला, रांची और धनबाद में भी बंटे नियुक्ति पत्र।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में कैंसर समिट का किया उद्घाटन, कहा– कैंसर की लड़ाई में चिकित्सा के साथ संवेदना और सामूहिक उत्तरदायित्व भी जरूरी।
- रांची में रिम्स–2 के निर्माण को लेकर रैयतों ने किया विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने किया निरीक्षण।
- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बनेंगे झारखंड पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर, पर्यटन मंत्री सुदिव्य सोनू के साथ मुलाकात के बाद बनी सहमति।
- रांची में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ओडिशा और झारखंड ने जीत दर्ज कर फाइनल में किया प्रवेश।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप देश के युवाओं की क्षमता को बढ़ा रहा है।

16वां रोज़गार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया।

******************

रांची में सीसीएल के दरभंगा हाउस में आयोजित रोजगार मेला में चयनित एक सौ बहत्तर युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद थे।

रांची में रोजगार मेले के दौरान नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों ने खुशी व्यक्त की।

इधर धनबाद के रेलवे ऑडिटोरियम में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ राजभूषण चौधरी की मौजूदगी में एक सौ तैंतालीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर श्री चौधरी ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई दी।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची में आयोजित रांची कैंसर समिट–2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि कैंसर एक ऐसी जटिल बीमारी है, जो न केवल व्यक्ति के शरीर को, बल्कि पूरे परिवार की मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक स्थिरता को भी गहराई से प्रभावित करती है। ऐसे में इसकी चिकित्सा में मानवीय संवेदना, भरोसा और अपनत्व भी उतनी ही जरूरी है जितनी दवाइयां।

******************

राजधानी रांची के कांके नगड़ी में रिम्स 2 के प्रस्तावित स्थल पर रैयतों ने आज विरोध प्रदर्शन किया। वहीं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने रिम्स 2 के लिए प्रस्तावित स्थल का औचक–निरीक्षण कर रैयतों से मुलाकात की। श्रीमति लकड़ा ने चिंता जताते हुए कहा कि खेती वाली जमीन पर रिम्स 2 के निर्माण से आदिवासियों का पलायन होगा।

******************

बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा स्थित करीब एक सौ एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद–बिक्री मामले में सीआईडी ने आज इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

******************

हजारीबाग उत्पाद विभाग की टीम ने 40 लाख रुपये मूल्य की 400 पेटी अवैध शराब बरामद की है। यह बरामदगी कंटेनर से हुई है। कंटेनर पर डाक विभाग का लोगो लगा हुआ था। सहायक उत्पाद आयुक्त शिवकुमार साहू ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

******************

खूंटी जिले में 12 मई को बरामद शव की शिनाख्त सायको थाना क्षेत्र निवासी सुखराम पूर्ति के रूप में हुई है। इस हत्याकांड में पुलिस ने दो माओवादियों को गिरफ्तार किया है।

******************

झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे का आज राजकीय सम्मान के साथ गढ़वा में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले गढ़वा पुलिस लाइन परिसर में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

******************

संक्षिप्त खबरें–

- पूर्व मंत्री सह लोहरदगा के स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव जिले के पेशरार प्रखंड मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्रीउरांव ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया।
- रामगढ़ जिले की पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया है।
- गुमला जिला प्रशासन द्वारा हर शनिवार को अंचल दिवस का आयोजन कर राजस्व तथा अंचल से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसकी शुरूआत आज घाघरा प्रखंड से हुई जिसमें उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने लोगों की समस्याएं सुनी।
-

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज दोपहर बाद बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा बारिश डालटनगंज में बयालीस दशमलव एक मिलीमीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग ने लातेहार, लोहरदगा, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पशिचमी सिंहभूम में कल भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

******************

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने झारखंड पर्यटन विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनने पर अपनी सहमति दे दी है। राजधानी रांची स्थित जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में आज पर्यटन कला संस्कृति एंव खेलकूद तथा युवा कार्य विभाग के मंत्री संदीप कुमार सोनू से हुई मुलाकात के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

******************

राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब जुनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ओडिशा ने हरियाणा को एक शून्य से और झारखंड ने मिजोरम को एक शून्य से हराकर फाइनल में जगह बना ली है।

*******समाप्त*******